| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 5. | इनडोर स्टेडियम, इन्द्रप्रस्थ । | 15.35 (दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित इसमें से सरकार केवल 6 करोड़ रु० की सहायता देने के लिये वचनबद्ध थी।) | 26.23 दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित । इसमें से सरकार ने केवल 9.82 करोड़ रु० की सहायता की) । |
| 6. | तरण ताल, तालकटोरा गार्डन | 9.25 (नई दिल्ली नगर पालिका द्वारा निर्मित । उक्त राशि में से न०दि०न०पा० को 2.75 करोड़ रु० का व्यय वहन करना था और शेष व्यय सरकार द्वारा वहन किया जाना था) । | 9.15 (नई दिल्ली नगर पालिका द्वारा निर्मित । इसमें से न दि० न० पा० को 2.75 करोड़ रु० का व्यय वहन करना था और शेष व्यय सरकार द्वारा वहन किया जाना है) । |

**पेड़ों का अवैध रूप से गिराया जाना**

2387. **श्री तारिक अनवर** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान देश के वनों में पेड़ों के अवैध रूप से गिराये जाने की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार को कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ग) क्या सरकार ने इस बारे में कोई ठोस कदम उठाये हैं ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री योगेन्द्र मकवाणा )** : (क) वनों की व्यवस्था करना प्रत्यक्ष रूप से राज्य सरकारों का कार्य है । तथापि, वृक्षों को अवैध रूप से काटने की छुटपुट रिपोर्टें केन्द्रीय सरकार को भी मिली हैं ।

(ख) भारत सरकार को वर्ष 1982 में तथा फरवरी, 1983 के अन्त तक 26 शिकायतें प्राप्त हुई हैं ।

(ग) और (घ). शिकायतें राज्य सरकारों को भेज दी गई हैं, जो वनों की रक्षा करने तथा लागू कानूनों के तहत कार्यवाही करने के लिये प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार है ।